भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 773
जिसका उत्तर 21 नवम्बर, 2019 को दिया जाना है।

.....

पोरबंदर में बांधों का विकास

773. श्री रमेशभाई एल. धडुक:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्र सरकार द्वारा गुजरात सरकार के साथ समन्वय से आज की तिथि अनुसार पोरबंदर क्षेत्र में आने वाले अमीपुर बांध छतरारा बांध और बड़सागर बांध के विकास हेतु क्या कदम उठाए गए हैं, चूंकि उपरोक्त बांधों के विकास से पानी के प्राकृतिक स्रोत उत्पन्न होंगे और यह लोगों की पेयजल समस्या का निवारण करेगा;

(ख) क्या केन्द्र सरकार ने इस संबंध में राज्य सरकार से संपर्क किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)

(क) से (ग) जल संसाधन परियोजनाओं को राज्य सरकारों द्वारा उनके स्वयं के संसाधनों और प्राथमिकता के आधार पर नियोजित, वित्तपोषित, कार्यान्वित और अनुरक्षित किया जाता है। उनके प्रयासों में सहयोग देने के लिए भारत सरकार जल संसाधनों के स्थायी विकास और कुशल प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्कीमों और कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य सरकारों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करती है। गुजरात सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार अमीपुर बांध, छतरावा बांध और बरदासागर बांध परियोजनाओं को गुजरात सरकार द्वारा परियोजनाओं को गुजरात सरकार द्वारा राज्य निधि से कार्यान्वित और अनुरक्षित किया गया है।

*****